'आषाढ़ का एक दिन' नाटक की रंगशैली की विशेषताओं का सोदाहरण विवेचन कीजिए।



[This question paper contains 4 printed pages.]

Your Roll No...............

**Sr. No. of Question Paper : 6929** **L**

Unique Paper Code : 2053100025

Name of the Paper : आषाढ़ का एक दिन

Name of the Course : **B.A. (Hons.) Hindi – DSE**

Semester : VIII

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 90

**छात्रों के लिए निर्देश**

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित संवादों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए **(कोई तीन)** (12×3=36)

   (क) तुम जिसे भावना कहती हो वह केवल छलना और आत्म-प्रवंचना है।...भावना में भावना का वरण किया है!...मैं पूछती हूँ भावना में भावना का वरण क्या होता है? उससे जीवन की आवश्यकताएँ किस तरह पूरी होती हैं?... भावना में भावना का वरण! हूं!

(ख) राज्य उन्हें सम्मान दे रहा है, माँ! उन्हें राजकवि का आसान प्राप्त होगा...उस व्यक्ति को, जिसे उसके निकट के लोगों ने आज तक समझने का प्रयत्न नहीं किया। जिसे घर में और घर से बाहर केवल लांछना और प्रताड़ना ही मिली है।...अब तो विश्वास करती हो माँ, कि मेरी भावना निराधार नहीं है।

(ग) ये कोरे पृष्ठ मैंने अपने हाथों से बनाकर सिये हैं। इन पर तुम जब जो भी लिखोगे, उसमें मुझे अनुभव होगा कि मैं भी कही हूँ, मेरा भी कुछ है। परंतु आज तुम आये हो, तो सारा वातावरण ही और है। और...और नहीं सोच पा रही कि तुम भी वही हो या...?

(घ) अधिकार मिला, सम्मान बहुत मिला, जो कुछ मैंने लिखा उसकी प्रतिलिपियाँ देश-भर में पहुँच गयीं, परंतु मैं सुखी नहीं हुआ। किसी और के लिए वह वातावरण और जीवन स्वाभाविक हो सकता था, मेरे लिए नहीं था। एक राज्याधिकारी का कार्यक्षेत्र मेरे कार्यक्षेत्र से भिन्न था। मुझे बार-बार अनुभव होता कि मैंने प्रभुता और सुविधा के मोह में पड़कर उस क्षेत्र में अनधिकार प्रवेश किया है, और जिस विशाल में मुझे रहना चाहिए था उससे दूर हट आया हूँ।



2. 'मोहन राकेश के नाटकों ने हिंदी नाट्य साहित्य को नई दिशा दी'--इस कथन के परिप्रेक्ष्य में उनके नाट्य साहित्य का परिचय दीजिए। (18)

**अथवा**

मोहन राकेश के नाटक और रंगमंच संबंधी दृष्टिकोण का विवेचन कीजिए।

3. 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक के कथ्य का विकास दवंदवों पर आधारित हैश-इस कथन की तार्किक समीक्षा कीजिए। (18)

**अथवा**

'आषाढ़ का एक दिन' नाटक के पुरुष पात्रों की चरित्र योजना की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

4. 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक की भाषा रंगभाषा है, अपने उत्तर की तर्क सहित पुष्टि कीजिए। (18)

**अथवा**